दीयाकुमारी कई सडकों का करेंगी शिलान्यास

गंगापुर सिटी । प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दीयाकुमार 2 अप्रेल को गंगापुर सिटी के प्रस्तावित दौरे को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष व पूर्व मानसिंह गुर्जर, सभापति शिवरतन अग्रवाल, प्रधान मंजू गुर्जर व शहर मण्डल अध्यक्ष मिथलेश व्यास ने प्रेस वार्ता कर कार्यक्रम की जानकारी दी। जिलाध्यक्ष ने बताया कि उपमुख्यमंत्री का गंगापुर सिटी की सीमा से ही भव्य स्वागत किया जायेगा। होटल पर्ल में पहुंच कर सरकारी कार्यक्रम के तहत पीडब्लूडी, कृषि, नगर परिषद व ग्रामीण सडको का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगी। साथ ही महाविद्यालय की छात्राओ को स्कूटी वितरण करेगी। इसी के साथ विभिन्न विभागो की उपलब्धियो सहित फलैगशिप योजनाओ की प्रगति व बजट घोषणाओ की स्थिति का जाएजा लेगीं जिसकी प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। जिलाध्यक्ष गुर्जर ने बताया कि उपमुख्यमंत्री का विभिन्न संगठनो, संस्थाओ व समाजो द्वारा स्वागत व अभिनंदन किया जायेगा। इसके बाद भाजपा के जिला कार्यकर्ता सम्मेलन को भी संबोधित करेंगी।

कैला देवी झील के मेले के रास्तों पर पार्किंग वालों का अतिक्रमण

- **देवी माता के मंदिर में दर्शन करने राजस्थान यूपी दिल्ली हरियाणा सहित अन्य राज्यों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्त पहुंच रहे है**

भरतपुर। भरतपुर जिले के सबसे बड़े आस्था धाम कैला देवी झील का बाड़ा के मन्दिर पर नवरात्रा में मेला लगा हुआ है । देवी माता के मंदिर में दर्शन करने राजस्थान यूपी दिल्ली हरियाणा सहित अन्य राज्यों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्त पहुंच रहे हैं लेकिन पुलिस एवं प्रशासन देवस्थान विभाग के अधिकारियों की अनदेखी लापरवाही से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। पार्किंग के नाम पर अवैध पार्किंग संचालकों द्वारा 50 से 100 रुपए तक वाहन चालकों से वसूले जा रहे हैं ।

मंदिर व आसपास के सभी गांवों के रास्तों को पुलिस प्रशासन की मिली भगत से पार्किंग वालों ने बंद कर आने जाने के लिए मात्र एक ही रास्ते को खुला रखा हुआ है । जिससे आसपास के गांव वालों को अपने खेतों पर या बयाना बाजार जाने के लिए 10 से 15 किलोमीटर तक का फेर खाकर जाना पड़ रहा है । देखने में आया कि पुलिस भी गाड़ियों को रोक रोक कर पार्किंग में खड़ी करने की सलाह दे रहीं हैं । वहीं कैला देवी झील की ओर आने बाले कुछ रास्तों को खोदकर या मिट्टी डालकर बंद करवा दिया गया है ।

जिससे लोग पार्किंग के सामने से होकर गुजरे । वहीं मेले में माता के मन्दिर पर जाने वाले यात्रियों को लगभग 3 किलोमीटर पहले ही अपने लाए हुए वाहनों से उतरने को मजबूर किया जा रहा है । कुछ ठाामीणों ने बताया कि पुलिस एवं प्रशासनिक की मिली भगत से ये काम किया जा रहा है जिससे मां कैला के दर्शन करने वाले यात्रियों को बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । वहीं कुछ यात्रियों को यह भी कहना है कि पार्किंग वालों को 100 रु देने पर वाहनों को मेले तक जाने दिया जा रहा है ।

भरतपुर निवासी रिटायर्ड रेलवे अधिकारी चंद्रशेखर ने बताया कि वे आज झील का बाडा वाली माता के दर्शन करने सपरिवार अपनी कार से 10.30 पहुंचा और वहां देखा कि लगभग डेढ़ से दो किलोमीटर दूर सभी चार पहिया वाहनों को पार्किंग वालों के 10 से 15लोग और 7से 8 पुलिस कर्मी रोक रहे हैं। हमने भी एक खेत में गाड़ी उनके कहे अनुसार पार्क कर दी। उसने हमसे 50 रूपये लिए और टोकन दिया, लेकिन टोकन में रूपये नहीं लिखे। मैंने कहा भाई आप पचास रूपये ले रहे हो तो लिखने में क्या हर्ज है। कई बार कहने पर टोकन पर 50 रूपये लिखे, लेकिन अन्य लोगों के टोकन पर 50 रूपये नहीं लिख रहा था। बाद में कुछ लोगों ने बताया कि ये लोग ओवर चार्ज कर रहे हैं। पार्किंग का यह रेट नहीं है। मैने पुलिस वाले को भी कहा, लेकिन वे मौन रहे।

चूंकि बच्चे छोटे थे, तो वहां से ऑटो किया और उसने हमें मुख्य द्वार पर छोड़ दिया। वहां किसी तरह की कोई भीड़ नहीं थी। वापिसी में पुन: ऑटो किया और पार्किंग पर आ गए। ऑटो वाले ने बताया कि हमारे आने से पहले चार पहिया वाहन भी मुख्य द्वार तक जा रहे थे क्योंकि पार्किंग वालों और पुलिस वालों में लेनदेन पर सहमति नहीं बन पा रही थी, तो पुलिस वाले वाहनों को नहीं रोक रहे थे। अब दोनों में अपना अपना हिस्सा तय हो गया है, इसलिए पुलिस वाले रोक रहे हैं, ताकि पार्किंग वाला कमाई कर सके। इसी कारण टोकन पर रेट नहीं लिख रहे हैं। उन्होंने कहा है कि जिला कलक्टर एसपी सहित देवस्थान विभाग के अधिकारियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए ताकि आम लोगों की लूट बंद हो सके।

असामाजिक तत्वों का जमावडा

गंगापुर सिटी थानीय बजरिया में पुलिस गश्त के प्रभावी नहीं होने के कारण असामाजिक तत्वो का जमावडा रहता है जिससे रेलवे यात्रियो सहित कैलादेवी को आने वाले भक्तो को खतरा है। जानकारी के अनुसार इस समय कैलादेवी का मेला परवान पर है। कैलादेवी के नजदीक गंगापुर सिटी स्टेशन पडने के कारण यूपी व एमपी से बडी संख्या में माता के भक्त आ रहे है। इस समय बजरिया में यात्रियो की अच्छी खासी चहल पहल है। कई यात्रियो ने बताया कि हम एमपी से माता के दर्शनो को आए है। कुछ बदमाशो ने रात्री में सोते समय हमारे पैसे व मोबाइल चुरा ले गए। शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाही नहीं होती है। वहीं पुलिस की प्रभावी गश्त नहीं होने से भी असामाजिक तत्वो के हौसले बुलंद है। ऐसा नहीं है ये असामाजिक तत्व यात्रियो से ही छेडछाड करते हो इनके द्वारा स्थानीय दुकानदारो को भी डरा धमका कर चौथ वसूली की जाती है। कई बार शिकायत के बाद भी पुलिस गश्त को प्रभावी नहीं करने से इनके हौसले बुलंद है। वही लोगो में चर्चा है कि शराव ठेकेदार भी बजरिया में अपने गौदाम से सम्पूर्ण रात्री में शराब की सप्लाई करता है जिससे में लोगो में शराब ठेकेदार के प्रति आक्रोश पनप रहा है।

सार-समाचार

गणगौर पर्व धूमधाम से मनाया

भरतपुर। भरतपुर में गणगौर पर्व धार्मिक आस्था एवं परंपरागत तरीके से धूमधाम से मनाया गया। भरतपुर में करीब 100 वर्षों से चली आ रही परम्परा के अनुसार सनातन धर्म सभा द्वारा आयोजित गणगौरी महोत्सव के तहत शोभायात्रा निकाली गई जिसे देखने शहर का जन समूह उमड़ पड़ा। शोभायात्रा शुभारंभ से पहले मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति अनिल कुमार उपमन न्यायाधिपति राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर ने यजमान के रूप में सपत्नीक गणगौर की पूजा अर्चना विधि विधान से आचार्यों द्वारा मंत्रोच्चारण से कराई गई। गणगौरी शोभायात्रा सनातन धर्म सभा लक्ष्मण मंदिर से शुरू होकर कोतवाली पत्थर की टाल होते हुए अटलबंद पहुंची।

प्याऊ का शुभारंभ

हिंडौन सिटी । कुतुबपुर बस स्टैंड पर समाजसेवी बबलू मीना ने जल सेवा के लिए प्याऊ लगाई।सोमवार सुबह 10:00 बजे नायाब तहसीलदार मौजीराम मीना ने प्याऊ का शुभारंभ किया।समाज सेवी बबलू मीना ने बताया कि वह 10 साल से लगातार दर्जनो मटका रखकर उनमें ठंडा पानी भरकर लोगों के लिए जल पिलाकर सेवा कर रहा है।नायाब तहसीलदार मौजीराम मीना ने बताया कि लोगों की सेवा करना सबसे बड़ा पुन: कार्य है।उन्होंने लोगों से प्याऊ के साथ-साथ पक्षियों के लिए परिंडा भी लगाने की अपील की।इस दौरान भारतीय पत्रकार संघ जिला अध्यक्ष कलमुद्दीन खान पत्रकार मनोज तिवाडी, लखन मीना सहित कई लोग मौजूद रहे।

घरेलू सामान जलकर हुआ राख

हिण्डौनसिटी। गांव मेडकापुरा में अज्ञात कारणों से एक छप्परपोश घर में आग लग गई।आग से लाखों रुपए का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित प्रकाश पत्र जोड़ी मीणा निवासी मेडका पुरा ने सोमवार शाम 4:00 बजे बताया कि उसके छप्परपोश घर में अचानक आग लग गई।जिससे उसके घर में रखे कूलर, चक्की, पंखा, पांच बोरी अनाज खाट, कपड़े सहित घरेलू सामान जलकर राख हो गया।ठाामीणों ने आग को बुझाने का भरसक प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो सके।पंचायत सरपंच बृजेश मीना ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाए जाने की सरकार से मांग की है।

गोविन्द नारायण बने महामंत्री

गंगापुर सिटी । सवाईमाधोपुर जिला अग्रवाल समाज के चुनाव गंगापुर सिटी स्थित अग्रवाल भवन (धर्मशाला) में संपन्न हुए। जिले की सभी 61 इकाइयों के प्रतिनिधियों ने चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लिया। गोविंद बरनाला जिलाध्यक्ष, गोविंद नारायण गोयल महामंत्री और मांगीलाल गर्ग कोषाध्यक्ष चुने गए। अध्यक्ष पद के लिए गोविंद बरनाला और डॉ. संगीत गर्ग के बीच मुकाबला हुआ। मतदान के बाद गोविंद बरनाला को जिलाध्यक्ष चुना गया। गोविंद नारायण गोयल महामंत्री और मांगीलाल गर्ग कोषाध्यक्ष बने। निर्वाचन अधिकारी राधामोहन गोयल ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर शपथ दिलाई। समाज के वरिष्ठजनों ने माला और दुपट्टा पहनाकर नए पदाधिकारियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश गुट्टा, प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र गर्ग और निवर्तमान जिलाध्यक्ष राजेश गोयल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जिले की सभी प्रमुख इकाइयों जैसे गंगापुर सिटी, सवाईमाधोपुर, बोली, मलारना डूंगर और मिर्जापुर से प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

यात्री हुए परेशान

गंगापुर सिटी। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के ड्राइवर-कंडक्टरों ने सोमवार को हडताल कर दी। ओवरटाइम को 4 घंटे से घटाकर 2 घंटे किए जाने के विरोध में कर्मचारियों ने यह कदम उठाया। सुबह 1० बजे से दोपहर 3 बजे तक चली हडताल के दौरान बस सेवाएं पूरी तरह ठप रहीं। कैला देवी मेले के लिए बनाए गए अस्थाई बस स्टैंड पर 3० बसों का संचालन रुका रहा। मेले में कुल 3०० बसें संचालित हैं, जो सभी प्रभावित हुईं। लोकेंद्र सिंह और गिर्राज प्रसाद ने बताया कि विभाग की ओर से ओवरटाइम में की गई कटौती से कर्मचारियों में आक्रोश है। हडताली कर्मचारियों ने बस स्टैंड पर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन भी किया। इस हडताल से कैला देवी मेले में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पडा। यात्रियों को ऑटो रिक्शा, जीप और कार जैसे निजी वाहनों का सहारा लेना पडा। कई लोगों को डग्गेमार वाहनों में यात्रा करनी पडी। दोपहर 3 बजे हडताल समाप्त होने के बाद बस सेवाएं फिर से शुरू हो गईं। इससे कैला देवी जाने वाले यात्रियों को राहत मिली। इसके बाद ही बस बस स्टैंड पर भी सामान्य परिचालन बहाल हुआ।

निकाली रन फॉर फिट राजस्थान रैली

करौली(निं.सं.) राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में रन फॉर फिट राजस्थान दौड रैली को सर्किट हाउस से जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना, उपखण्ड अधिकारी प्रेमराज मीणा, सहायक कलेक्टर धर्मेन्द्र वर्मा, जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के सहायक निदेशक धर्मेंद्र कुमार मीणा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल लाल मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी इन्द्रेश तिवारी सहित अन्य अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मीन भगवान की जयंती मनाई

करौली(निं.सं.) राजस्थान आदिवासी मीणा महासभा संस्थान के तत्वाधान में सोमवार को प्रदेश कार्यालय ससेडी मोड़ पर मीन भगवान जयंती मनाई गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने प्रलय काल मत्स्य अवतार से लेकर मीणा इतिहास की विभिन्न घटनाओं पर प्रकाश डालते हुए समाज को प्रगतिशील बनाकर समाज सुधार पर जोर दिया गया। जिलाध्यक्ष राम खिलाड़ी आगिरी ने कहा कि मीणा समाज भगवान विष्णु के मत्स्यावतार को अपना आराध्य देव मानता है।

ईद-उल-फितर पर की अमन चैन की दुआए

- **रमजान के पाक महिने में अकिदमनो ने झुकाए शीश**

गंगापुर सिटी । उपखण्ड मुख्यालय सहित आसपास क्षैत्र में सोमवार को ईद-उल-फितर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रविवार शाम को चांद दिखने के बाद सोशल मीडिया और फोन के जरिए लोगों को ईद की सूचना एक दूसरे को दी। सुबह 8.20 बजे ईदगाह में शहर काजी शाहिद अली की अगुवाई में मुख्य नमाज अदा की गई। हजारों लोगों ने एक साथ नमाज पढी और देश की खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। कार्यक्रम में पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर और सभापति शिवरतन अग्रवाल सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। नमाज के दौरान यातायात डायवर्ट किया गया। त्योहार की खुशी में लोगों ने नए कपडे पहने। घरों में विशेष पकवान बनाए। रात तक खीर की दावतें चलती रहीं। गंगापुर के साथ-साथ बामनवास और वजीरपुर उपखंड क्षेत्र के आस पास के ग्रामीण इलाकों में भी ईद की रौनक देखने को मिली। मुस्लिम धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पैगंबर हजरत मोहम्मद ने बद्र की लडाई जीतने की खुशी में ईद-उल-फितर मनाया और लोगों का मुंह मीठा किया। इसलिए, मुस्लिम इस दिन मीठी सेवईं बनाकर एक-दूसरे को खिलाते हैं। ईद के मौके पर जकात यानी दान देने का भी बहुत महत्व है। इससे पहले रविवार को दिन में रमजान के महीने की अलविदा नमाज पढी गई। वहीं ईद के मौके पर जमकर खरीददारी हुई। नमाज के दौरान ट्रैफिक को डायवर्ट किया गया। साथ ही पुलिस की भी माकूल व्यवस्था की गई। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनो, नगर परिषद व राजनैतिक संगठनो की तरफ से ठण्डे पेय पदार्थ व खानपीन के सामानो की स्टाल लगा कर सभी को ईद की शुभकामनाऐ दी।

राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के अंतर्गत जिला स्तरीय निवेश उत्सव आयोजित

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की 3 लाख करोड़ रूपये के प्रोजेक्ट्स की ग्राउंड ब्रेकिंग**
- **जिले में राइजिंग राजस्थान के तहत 53 एमओयू किए गए, 12 की ग्राउंड ब्रेकिंग की गई**

डीग । राजस्थान दिवस (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) के उपलक्ष्य में राज्य सरकार प्रदेशभर में साप्ताहिक महोत्सव आयोजित कर रही है। इसी कड़ी में सोमवार को राजस्थान दिवस पर जयपुर में निवेश उत्सव राइजिंग राजस्थान इंपैक्ट 1. का आयोजन किया गया।

इसी क्रम में जिला स्तरीय निवेश उत्सव का आयोजन पंचायत समिति कार्यालय सभागार में जिला कलक्टर उत्सव कौशल की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम वर्चुअली राज्य स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित रहा। जिला कलक्टर उत्सव कौशल ने बताया कि राइजिंग राजस्थान के तहत जिले में 53 एमओयू किए गए हैं, जिनमें से 12 की ठाांउड ब्रेकिंग की गई है, जिनमें से 04 एमओयू में उत्पादन कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, जिसके तहत 80 करोड़ रूपये का निवेश किया गया है एवं 250 लोगों को रोजगार प्राप्त हो चुका है। 08 एमओयू प्रक्रियाधीन है जिनके शीघ्र उत्पादन कार्य प्रारंभ करने की संभावना है। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर देवी सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहन सिंह, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग एवं रिको टीम उपस्थित रही । राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने उद्योग एवं उद्यिमता को बढ़ावा देने के लिए लॉजिस्टिक, डेटा सेन्टर एवं टेक्सटाइल और अपैरल पॉलिसी का भी विमोचन किया। साथ ही, राइजिंग राजस्थान के निवेश प्रस्तावों की मॉनिटरिंग हेतु मोबाइल ऐप का शुभारंभ, निवेशकों को भू-आवंटन पत्र वितरण, राइजिंग राजस्थान के न्यूज लेटर का विमोचन एवं राजस्थान फाउंडेशन के नए चैप्टर्स की शुरूआत के दिशा-निर्देश भी जारी किए।

कर्नल बैंसला की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

- **अच्छी शिक्षा, अच्छा स्वास्थ्य, पढ़ी लिखी माँ और कर्जमुक्त समाज का संदेश दिया - खटाना**

हिंडौन सिटी । जगदीश धाम कैमरी के मंदिर प्रांगण में सोमवार को गुर्जर नेता स्व. कर्नल किरोड़ी बैंसला की पुण्यतिथि पर जगदीश मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष घनश्याम खटाना, ट्रस्ट एवं पीसीसी सदस्य शीशराम खटाना अधैत, प्रधान बहादुर खटाना सहित अन्य सदस्यों व गणमान्य नागरिकों ने उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण और श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी । कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने संघर्ष पुरुष कर्नल बैंसला के गुर्जर समाज को दिए योगदान को याद किया और उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया और उनकी पुण्यतिथि 31 मार्च को संकल्प दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया । जगदीश मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष घनश्याम खटाना ने कर्नल बैंसला को याद करते हुए कहा कि कर्नल बैंसला के गुड हैल्थ और गुड़ एजुकेशन के सपने को साकार करने पर विचार विमर्श कर समाज में शिक्षा के प्रसार पर जोर देने का आ ान किया । पीसीसी सदस्य शीशराम खटाना ने कर्नल बैंसला के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके संघर्ष को याद करते हुए कहा कि कर्नल बैंसला का दिया हुआ संदेश अच्छी शिक्षा, अच्छा स्वास्थ्य, पढ़ी लिखी माँ और कर्जमुक्त समाज के नारों को साकार करते हुए हमें उनके पदचिन्हों पर चलने की बात कही । खटाना ने कहा कि समाज को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाते हुए समाज में व्याप्त कुरूतियों को मिटाने पर ही समाज का सही मायने में विकास होगा । प्रधान प्रतिनिधि बहादुर खटाना ने कहा कि समाज के युवाओं को स्व. बैंसला से प्रेरणा लेनी चाहिए उन्होंने देश सेवा करने के बाद समाज सेवा कर गुर्जर समाज को वैश्विक पहचान दिलाई ।

मंदिर कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष कैप्टेन रतनसिंह खटाना, मुरारी लाल खटाना ने कर्नल बैंसला को याद करते हुए कहा कि युवाओं को नशे जैसी कुरूतियों को त्याग कर शिक्षा के मार्ग पर अठासर होकर समाज को नई ऊंचाइयां प्रदान करने की बात कही । गुर्जर कर्मचारी अधिकारी परिषद के ब्लॉक अध्यक्ष ज्ञान सिंह खटाना, सरपंच प्रतिनिधि कप्तान खटाना ने कहा कि कर्नल बैंसला अद्वितीय प्रतिभा के धनी थे, उन्होंने गुर्जर समाज को एक नई ऊंचाई प्रदान की है जिसका गुर्जर समाज हमेशा ऋणी रहेगा । इंजी. भूपेन्द्र खटाना अधैत ने कर्नल बैंसला को गुर्जर समाज मे शिक्षा की जागृति लाने वाला विकास पुरुष बताते हुए कहा कि कर्नल बैंसला के गुड़ हेल्थ एंड गुड़ एजुकेशन के सपने को साकार करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी । श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जगदीश मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष घनश्याम खटाना, मंदिर ट्रस्ट और पीसीसी सदस्य शीशराम खटाना, कैप्टेन रतनसिंह खटाना, मुरारीलाल नेताजी, प्रधान प्रतिनिधि बहादुर सिंह खटाना, जीकेप ब्लॉक अध्यक्ष ज्ञान सिंह खटाना, सचिव रामविलास खटाना, मेढ़े का पूरा सरपंच प्रतिनिधि कप्तान सिंह खटाना, बड़ागांव सरपंच प्रतिनिधि रामनरेश खटाना, हव. राजेन्द्र खटाना बड़ागांव, तुलसीराम खटाना, रामप्रताप अध्यापक, इंजी. भूपेन्द्र खटाना अधैत, जयवीर खटाना ढंड का पूरा, हंसराम खटाना सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

छह बर्षीय बालक का अपहरण कर कुकर्म प्रयास का मामला

- **पुलिस टीम ने भुसावर से किया आरोपी गिरफ्तार, आरोपी मिल्कीपुरा निवासी युवक**

नदबई भरतपुर। नदबई कस्बे में ट्यूशन जाने दौरान रास्ते से छह बर्षीय बालक का अपहरण करने व बाद में पुलिस नाकाबंदी देख, बालक को हलैना रोड स्थित गोदाम के समीप छोडकर फरार होने के मामलें में पुलिस ने आखिर...चार दिन बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी बृजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने गांव मिल्कीपुरा निवासी आरोपी पुष्कर चौधरी पुत्र ओमप्रकाश सिंह को भुसावर क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

गौरतलब है कि, 26 मार्च को कस्बा निवासी छह बर्षीय बालक, अपने घर से ट्यूशन पढ़ने जा रहा। इसी दौरान रास्ते में आरोपी पुष्कर चौधरी, बालक को बहला-फुसलाकर अपहरण करते हुए अपने साथ बाइक पर ले गया। ट्यूशन नही पहुंचने पर परिजनों ने बालक का अपहरण होने का आरोप लगाते हुए नदबई थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने नाकाबंदी करते हुए बालक का सुराग लगाने का प्रयास किया। लेकिन, इसी दौरान पुलिस नाकाबंदी देखते हुए आरोपी, हलैना रोड स्थित गोदाम के समीप बालक को छोड़कर फरार हो गया। बाद में बालक के पिता ने अपहरण कर कुकर्म प्रयास करने का आरोप लगाते हुए अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। मामला दर्ज होने पर पुलिस टीम ने मुख्य बाजार सहित कॉलोनी में लगे सीसीटीवी फुटेज जांच पडताल कर आरोपी की शिनाक्त की। बाद में मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए स्पेशल पुलिस टीम ने आरोपी को भुसावर से गिरफ्तार किया।

हिंडौन में ईद-उल-फितर मनाया, ईदगाह में हजारों लोगों ने नमाज अदा की

हिंडौन सिटी। सोमवार को ईद-उल-फितर का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। करौली रोड स्थित ईदगाह में सुबह 8 बजे ईद की नमाज अदा की गई। मुस्लिम समुदाय के हजारों लोग नमाज में शामिल हुए। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात किया गया। करौली की तरफ से आने-जाने वाले वाहनों को बरगमा रोड से बायपास की ओर भेजा गया। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। क्षेत्रीय विधायक अनीता जाटव ने ईदगाह पहुंचकर लोगों को बधाई दी। कांठोस के कई नेता भी इस अवसर पर मौजूद रहे। ईदगाह के पास बच्चों के खिलौनों की दुकानें लगी थीं। यहां जमकर खरीदारी हुई। शहर के बाजारों में पूरे दिन रौनक रही। मुस्लिम क्षेत्र में विशेष सजावट की गई थी। ईद से एकदिन पहले से ही बाजारों में भीड़ उमड़ी। सभी लोग नए कपड़े पहनकर नमाज के लिए पहुंचे। इस तरह पूरे शहर में त्योहार की खुशियां देखी गईं। इसी प्रकार गांव गुनसार सहित जिले भर में मनाया ईद का त्यौहार ईदगाहों और मस्जिदों में अदा की गई ईद की नमाज देश में अमन चैन खुशहाली की मुस्लिमों ने की कामना सदर थाना अधिकारी देवेंद्र कुमार शर्मा मय जाप्ता के रहे तैनात करौली गांव गुनसार सहित जिले भर में ईद उल फितर का त्यौहार हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया। रमजान माह में 29 रोजे मुकम्मल होने के बाद चांद दिखाई दिया। सोमवार सुबह ईद की तैयारी जोरों से की गई। सदर थाना अधिकारी देवेंद्र कुमार शर्मा ने सुबह से ही क्षेत्र मे कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुस्तैद दिखाई दिए।उन्हौने मस्जिदों पर पुलिसकर्मी सुरक्षा की दृष्टि से तैनात किए।सुबह 8:00 से मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की विशेष नमाज अदा गई।गांव गुनसार में हाफिज जब्बार और कुतुकपुर में मुफ्ती खलील अहमद कासमी ने ईद की नमाज अदा कराई।नमाज के बाद लोगों ने खुदा की पाक़ बरगाह में देश में अमन चैन सुख समृद्धि की दुआएं मांगी। नमाज के समापन के बाद मुस्लिम बंधुओ ने एक दूसरे के गले शिकवे भुलाकर गले मिलकर ईद की शुभकामनाएं दी। लोगों ने घरों में खीर सिवइयां के साथ मीठे पकवान बनाए।सुरक्षा की दृष्टि से सदर थाना अधिकारी देवेंद्र कुमार शर्मा मय जाप्ता के तैनात रहे।हिंडौन सदर थाना क्षेत्र के गांवों में मस्जिदों के बाहर सदर थाना अधिकारी ने पुलिसकर्मी तैनात किए।

भंडारें में हजारों ने पाई प्रसादी

गंगापुर सिटी । बनखंडी बालाजी सेवा समिति के तत्वाधान में रेलवे स्टेशन लॉबी परिसर में चल रहे 14वें निशुल्क भंडारे में माता रानी के हजारो भक्त पंगत लगाकर कर प्रसादी पा रहे है। भंडारे में रात्रि 11 बजे तक रोजाना हजारों यात्री गरम पुडी हलवा सब्जी चावल पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। भंडारे में गंगाप्रसाद गुप्ता एडवोकेट, गिरधारी, देवकी फर्नीचर, शिवम, नवल, अनिल, राजेश गुलियानी, जीतू, नितेश, मुरारी लाल जांगिड, अनिल अंजलि, चोखे लाल, महेश पट्टी, ललित किराना, गिरिश मित्तल, मोतीलाल रावत, टीटू सहित सैकडो की संख्या में महिला पुरूष, बच्चे सेवा दे कर सहयोग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बनखंडी बालाजी सेवा समिति के तत्वाधान में जन सहयोग से यह निशुल्क भंडारा विगत 13 वर्षो से कैला माता के दरबार में आने वाले भक्तों के लिए लगाया जा रहा है।

राइजिंग राजस्थान इम्पैक्ट 1.0 का आयोजन

- **सिद्धांतयू को उद्यम पर लागू करने की अनुमति,**
- **मताधिकार को मंजूरी दी गई**

राजस्थान स्थापना दिवस उत्सव के तहत सोमवार को निवेश उत्सव राइजिंग राजस्थान इम्पेक्ट 1.0 का आयोजन किया गया। राज्य शैक्षिणक समारोह में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा होटल क्लैकर्स आमेर जयपुर से वीसी के माध्यम से जिला शैक्षिणक कार्यक्रम में जुड़ें। जिला राजकीय निवेश उत्सव कार्यक्रम बीडीए ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन शर्मालाल ने कहा है कि हमारी सरकार प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए संकल्प लेती है। अब विद्यार्थी से सीधे सलाह और लाभांश लिखित में छूट जा रही हैं, जिससे उनकी हर समस्या का समय पर ही समाधान हो जाता है।

निवेश के लिए बड़ी घोषणाएं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने निवेश उत्सव राइजिंग राजस्थान इम्पेक्ट 1.0 कार्यक्रम में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। इस अवसर पर उन्होंने राजस्थान लॉजिस्टिक्स नीति, राजस्थान टेक्सटाइल एंड अपैरल काउंसिल, राजस्थान डेटा सेंटर और ऑनलाइन जांच पोर्टल मोबाइल ऐप का अनावरण किया। साथ ही राजस्थान फाउंडेशन के 14 नए अध्यायों की शुरुआत हुई।

राइजिंग राजस्थान गैलरी 2025

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने राइजिंग राजस्थान राजभवन कॉनवेल्स 2025 की भी आधिकारिक घोषणा की। इसके माध्यम से गठबंधन और सरकार के बीच तालमेल को मजबूत करने और राज्य में नए निवेश के अवसरों को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा।

युवाओं के लिए ऐप

समारोह के दौरान मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने युवाओं की सुविधा के लिए एक विशेष ऐप लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि इन्वेस्टमेंट से जुड़ी जानकारी मोबाइल ऐप से निवेश से आपके आइडियायू की प्रगति और सरकारी सहयोग से जुड़ी जानकारियां आसानी से प्राप्त की जा सकती हैं। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन वर्थमान ने कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार राजस्थान के आर्थिक और औद्योगिक विकास को एक नए चरण तक ले जाने के लिए जरूरी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी बड़ी योजना को शामिल करने के लिए कई संयोजनों का समन्वय जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि कम्यूनिटी को पुन: स्थापित करना आसान होता है, लेकिन उन्हें सही ढंग से लागू करना और व्यावहारिक रूप से लागू करना आसान होता है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के दूरदर्शन नेतृत्व में राजस्थान सरकार ने पहले ही साल में 3 लाख करोड़ रुपये के सिद्धार्थयू को उद्घाटित कर अपनी किताबों को सिद्ध किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में वन्यजीव ऊर्जा, पर्यटन, विनिर्माण, एमएसएमई सहित कई क्षेत्रों में अपारदर्शी हैं और सरकार इसे वैश्विक निवेश केंद्र बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

राजस्थान सरकार ने एकल लिपि क्लियरेंस सिस्टम को और अधिक प्रभावशाली बनाया है, जिससे किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हर दो महीने में अध्यात्म की प्रगति की समीक्षा करते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि प्रत्येक निवेश परियोजना पर तेजी से गिरावट आए।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्री क्रिएटर ने कहा कि राजस्थान में सरकारी और निजी क्षेत्र में लगभग 4 लाख से अधिक लोन के क्रिएशन की योजना पर काम किया जा रहा है। मजबूत सरकार ही हर समस्या का समाधान करती है और राजस्थान की 30 लाख करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था के लिए पूरी तरह से बिजनेस शुरू करने का काम कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक जो विकसित भारत का सपना देखा है उसमें राजस्थान भी शामिल है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार स्थिर, स्थिर और मजबूत नेतृत्व के साथ मठों को राजस्थान में आकर्षित कर रही है। राजस्थान में जल्द ही एक वैश्विक निवेश हब बनने की दिशा में तेजी से बेरोजगारी हो रही है।

जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक सीएम गुप्ता ने बताया कि यह आयोजन राजस्थान में निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में निवेशकों के साथ बातचीत की गई है ताकि निवेश की स्थिरता और मजबूती बनी रहे। उन्होंने कहा कि सेवा क्षेत्र में मुख्य निवेश शिक्षा, चिकित्सा एवं पर्यटन